# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः—शिविरा—मा / छाप्रोप्र / ए / शालादर्पण / 2025—26 / 40068—7734720 / 2a    दिनांक—यथाहस्ताक्षर

## विस्तृत दिशा—निर्देश वर्ष 2025—26

**जनजाति छात्राओं को उच्च माध्यमिक शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | जनजाति छात्राओं को उच्च माध्यमिक शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता।_ |
| 2. | योजना का उद्देश्य | राजस्थान के राजकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत जनजाति छात्राओं को उच्च माध्यमिक शिक्षा में नियमित अध्ययन के लिए एवं अध्ययन में बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित करना। |
| 3. | आवेदन की प्रक्रिया | ➢ आवेदन की समस्त प्रक्रिया विद्यालय के शालादर्पण प्रभारी द्वारा संपादित की जानी है।<br>➢ शालादर्पण पोर्टल के बेनीफिशियरी मोड्यूल में लोगइन करने पर बाईं ओर OTHER SCHEMES में जाकर संबंधित योजना का चयन करने पर विद्यालय के कक्षा 11 वीं व 12वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति की छात्राओं का कक्षावार डाटा प्रदर्शित होंगा।<br>➢ कक्षा पर लेफ्ट क्लिक करने पर विद्यार्थियों की सूची प्रदर्शित होगी।<br>➢ आवेदन हेतु पात्र विद्यार्थियों के नाम के समक्ष APPLY बटन पर लेफ्ट क्लिक करें।<br>➢ विद्यार्थी का आवेदन खुलने पर निम्न प्रविष्टियाँ मैन्युअल की जानी है —<br>○ विद्यार्थी का पता<br>○ विद्यार्थी के परिवार का जनाधार आई.डी संख्या एवं जनाधार आई.डी में विद्यार्थी की व्यक्तिगत पहचान संख्या<br>○ विद्यार्थी का मोबाइल नंबर, आधार संख्या व परिवार की वार्षिक आय<br>➢ बैंक इनफार्मेशन।<br>➢ सभी प्रविष्टियाँ किये जाने के पश्च्यात अप्लाई बटन पर लेफ्ट क्लिक कर आवेदन लॉक करें।<br>➢ शालादर्पण प्रभारी संस्थाप्रधान के मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी की मदद से प्रस्ताव लॉक करेगें।<br>➢ अंतिम दिनांक तक आवेदन लॉक नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन स्वतः लॉक हो जायेंगे।<br>➢ अपात्र विद्यार्थियों हेतु नाम के समक्ष REJECT बटन पर लेफ्ट क्लिक करके REJECTION के कारण का चयन करें।<br>➢ विद्यालय द्वारा प्राप्त ऑनलाईन आवेदन को जांचकर आवेदन सम्बंधित जिला शिक्षा अधिकारी को भिजवाया जाएगा। |
| 4 | देय लाभ | जनजाति छात्राएं जो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत हो उन्हें उच्च माध्यमिक शिक्षा हेतु 350 / — रूपये प्रतिमाह की दर से 10 माह हेतु 3500 / — रूपये की प्रोत्साहन राशि का भुगतान एक मुश्त किया |

| | | |
|---|---|---|
| | | जायेगा। |
| 5. | पात्रता | • छात्रा राजस्थान की मूल निवासी हो।<br>• छात्रा राजकीय विद्यालय में 11वीं व 12 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हो।<br>• छात्रा अनुसूचित जनजाति वर्ग से सम्बन्धित हो।<br>• छात्रा के माता–पिता/अभिभावक/संरक्षक/पति आयकर दाता न हो।<br>• जो छात्रा सरकार द्वारा संचालित छात्रावास में निवासरत रहकर अध्ययन कर रही है उन्हे उक्त योजना में लाभ देय नही होगा। |
| 6. | आवश्यक दस्तावेज | 1. जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं जनाधार कार्ड।<br>2. माता–पिता/पति/अभिभावक/संरक्षक का आयकर दाता नही होने बाबत स्वंय का आय घोषणा पत्र।<br>3. मूल निवासी प्रमाण–पत्र। |
| 7 | तिथि विवरण | संस्था प्रधान द्वारा शालादर्पण पोर्टल पर वांछित सूचनाऐं ऑनलाईन अपलोड पश्चात् सबमिट/लॉक करने की अंतिम तिथि **30.09.2025** |

**(सीताराम जाट)**
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर
एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान

.

RajKaj Ref No.:
16679675
eSign DSC